अमर उजाला 13/08/2025

# छात्रों को रैगिंग व नशा-विरोधी नीतियों के बारे में किया जागरूक



छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज में कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। कॉलेज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के नवप्रवेशी छात्रों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग-विरोधी और नशा-विरोधी नीतियों के बारे में जागरूक करना रहा।

सत्र का नेतृत्व डॉ. मनजीत कौर ने किया। वह कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रही। डॉ. कौर ने रैगिंग से जुड़े कानूनी निहितार्थों और अनुशासनात्मक कार्रवाइयों पर चर्चा की और सहपाठियों के बीच आपसी सम्मान और सद्भाव की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अमिता और नशा विरोधी प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सरोज बाला ने किया। इस अवसर पर एंटी-रैगिंग सेल के सदस्य बृजेश कुमार, डॉ. एसके पांडे आदि मौजूद रहे। संवाद